# अकबरी लोटा

Question 1.
लाला झाऊलाल को दुकानों के किराये के रूप में कितने रुपये मिलते थे ?
(a) 200 रुपये मासिक
(b) 100 रुपये मासिक
(c) 50 रुपये मासिक
(d) 250 रुपये मासिक

▼ Answer

Answer: (b) 100 रुपये मासिक

---

Question 2.
लाला जी ने अपनी विपदा किसे सुनाई ?
(a) पत्नी को
(b) अंग्रेज को
(c) पं बिलवासी मिश्र को
(d) किसी को भी नहीं

▼ Answer

Answer: (c) पं बिलवासी मिश्र को

---

Question 3.
अंग्रेज को लोटे की चोट कहाँ लगी थी ?
(a) माथे पर
(b) पैर पर
(c) सिर पर
(d) हाथ पर

▼ Answer

Answer: (b) पैर पर

---

Question 4.
हुमायूँ शेरशाह से हारकर किस रेगिस्तान में मारा-मारा फिर रहा था ?
(a) सहारा
(b) थार
(c) गोबी
(d) सिंध

▼ Answer

Answer: (d) सिंध

---

Question 5.
झाऊलाल और उनकी पत्नी के बीच हुई इस बातचीत से पता चलता है ?
(a) लाला झाऊलाल बहुत अमीर आदमी न थे
(b) पत्नी को उन पर विश्वास नहीं था
(c) पत्नी लाला जी की तुलना में ज्यादा तेज-तर्रार थी
(d) सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) सभी कथन सत्य हैं

---

Question 6.
लाला झाऊलाल ने पत्नी को कितने समय में रुपये देने का वायदा किया था ?
(a) एक सप्ताह
(b) एक माह
(c) एक वर्ष
(d) दो सप्ताह

▼ Answer

Answer: (a) एक सप्ताह

---

Question 7.
अकबरी लोटे की गढ़न कैसी थी ?
(a) सामान्य
(b) सुन्दर
(c) बेढंगी
(d) प्रभावित करने वाली

▼ Answer

Answer: (c) बेढंगी

---

Question 8.
अकबर ने ब्राह्मण को सोने के कितने लोटे दिये थे ?
(a) पाँच
(b) चार
(c) दस
(d) एक भी नहीं

▼ Answer

Answer: (c) दस

---

Question 9.
लोटे का प्लास्टर का मॉडल कहाँ रखा हुआ है ?
(a) मुम्बई
(b) कलकत्ता

(c) चेन्नई
(d) दिल्ली

▼ Answer

Answer: (b) कलकत्ता

---

Question 10.
अंग्रेज ने लोटा कितने रुपये में खरीदा था ?
(a) 500 रुपये
(b) 400 रुपये
(c) 250 रुपये
(d) 100 रुपये

▼ Answer

Answer: (a) 500 रुपये

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

लोटे ने दाएँ देखा न बाएँ, वह नीचे गली की ओर चल पड़ा। अपने वेग में उल्का को लजाता हुआ वह आँखों से ओझल हो गया। किसी जमाने में न्यूटन नाम के किसी खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण शक्ति नाम की एक चीज ईजाद की थी। कहना न होगा कि यह सारी शक्ति इस समय लोटे के पक्ष में थी।

Question 1.
लोटा किधर चल पड़ा और कैसे ?
(a) जहाँ मन हुआ उधर
(b) आसमान की ओर
(c) गली में टहलने
(d) लोटे ने दाएँ देखा न बाएँ, वह नीचे गली की तरफ चल पड़ा

▼ Answer

Answer: (d) लोटे ने दाएँ देखा न बाएँ, वह नीचे गली की तरफ चल पड़ा।

---

Question 2.
लोटा किस वेग से आँखों से ओझल हो गया ?
(a) तीव्र गति से
(b) लोटा उल्का के वेग को भी लजाता हुआ आँखों से ओझल हो गया
(c) हवाई जहाज की गति से
(d) मन्द गति से

▼ Answer

Answer: (b) लोटा उल्का के वेग को भी लजाता हुआ आँखों से ओझल हो गया।

---

Question 3.
किस खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण शक्ति को ईजाद किया था ?
(a) न्यूटन नाम के खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण-शक्ति को ईजाद किया था
(b) सुकरात
(c) प्लेटो
(d) गैलीलियो

▼ Answer

Answer: (a) न्यूटन नाम के खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण-शक्ति को ईजाद किया था।

---

Question 4.
इस समय सारी शक्ति कहाँ मौजूद थी ?
(a) लोटे से बहुत दूर
(b) लोटे के आसपास
(c) इस समय सारी शक्ति लोटे के पक्ष में मौजूद थी
(d) धरती में

▼ Answer

Answer: (c) इस समय सारी शक्ति लोटे के पक्ष में मौजूद थी।

---

Question 5.
'आँखों से ओझल होना' मुहावरे का अर्थ है–
(a) दिखाई न देना
(b) गायब हो जाना
(c) छुप जाना
(d) प्रकट होना

▼ Answer

Answer: (b) गायब हो जाना।

---

(2)

जी, जनाव। सोलहवीं शताब्दी की बात है। बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हारकर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा-मारा फिर रहा था। एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी। उस समय एक ब्राह्मण ने इसी लोटे से पानी पिलाकर उसकी जान बचाई थी। हुमायूँ के बाद अकबर ने उस ब्राह्मण का पता लगाकर उससे इस लोटे को ले लिया और इसके बदले में उसे इसी प्रकार के दस सोने के लोटे प्रदान किए। यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था। इसी से इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा। वह बराबर इसी से वजू करता था। सन् *57* तक इसके शाही घराने में रहने का पता है। पर इसके बाद लापता हो गया। कलकत्ता के प्यूजियम में इसका प्लास्टर का मॉडल
रखा हुआ है।

Question 1.
हुमायूँ को किसने पानी पिलाया था ?
(a) शेरशाह सूरी ने
(b) एक ब्राह्मण ने हुमायूँ को पानी पिलाया था

(c) एक सिपाही ने
(d) सेनापति ने

▼ Answer

Answer: (b) एक ब्राह्मण ने हुमायूँ को पानी पिलाया था।

---

Question 2.
लोटे का नाम अकबरी लोटा क्यों पड़ा ?
(a) यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था, इसलिए इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा
(b) यह लोटा सम्राट अकबर ने खरीदा था इसलिए
(c) बहुमूल्य होने के कारण
(d) अकबर के पास होने के कारण

▼ Answer

Answer: (a) यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था, इसलिए इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा।

---

Question 3.
यह लोटा शाही घराने में कब तक रहा ?
(a) यह लोटा शाही घराने में 1877 तक रहा
(b) यह लोटा शाही घराने में 1879 तक रहा
(c) यह लोटा शाही घराने में 1857 तक रहा
(d) यह लोटा शाही घराने में 1947 तक रहा

▼ Answer

Answer: (c) यह लोटा शाही घराने में 1857 तक रहा।

---

Question 4.
अकबर इस लोटे को किस रूप में इस्तेमाल करता था ?
(a) पानी पीने के लिए
(b) पौधे सींचने के लिए
(c) लोगों पर रौब दिखाने के लिए
(d) अकबर हमेशा इसी लोटे से वजू करता था

▶ Answer

---

Question 5.
कलकत्ता के म्यूजियम में लोटे का कौन-सा मॉडल रखा हुआ है ?
(a) कलकत्ता के म्यूजियम में लोटे का पीतल का मॉडल रखा हुआ है।
(b) कलकत्ता के म्यूजियम में लोटे का प्लास्टर का मॉडल रखा हुआ है
(c) कलकत्ता के म्यूजियम में लोटे का ताँवे का मॉडल रखा हुआ है
(d) कलकत्ता के म्यूजियम में लोटे का मिट्टी का मॉडल रखा हुआ है

▼ Answer

Answer: (b) कलकत्ता के म्यूजियम में लोटे का प्लास्टर का मॉडल रखा हुआ है।

---

(3)

उस दिन रात्रि में बिलवासी जी को देर तक नींद नहीं आई। वे चादर लपेटे चारपाई पर पड़े रहे। एक बजे वे उठे। धीरे, बहुत धीरे से अपनी सोई हुई पत्नी के गले से उन्होंने सोने की वह सिकड़ी निकाली जिसमें एक ताली बँधी हुई थी। फिर उसके कमरे में जाकर उन्होंने उस ताली से संदूक खोला। उसमें ढाई सौ के नोट ज्यों-के-त्यों रखकर उन्होंने उसे बंद कर दिया। फिर दबे पाँव लौटकर ताली को उन्होंने पूर्ववत् अपनी पत्नी के गले में डाल दिया। इसके बाद उन्होंने हँसकर अंगड़ाई ली। दूसरे दिन सुबह आठ बजे तक चैन की नींद सोए।

Question 1.
एक बजे बिलवासी जी ने उठकर क्या किया ?
(a) भोजन किया
(b) पत्नी के बटुए से पैसे निकाले
(c) सोई हुई पत्नी के गले से सोने की वह जंजीर निकाली जिसमें एक ताली बँधी थी
(d) पत्नी के गले से हार निकाल लिया

▼ Answer

Answer: (c) सोई हुई पत्नी के गले से सोने की वह जंजीर निकाली जिसमें एक ताली बँधी थी।

---

Question 2.
बिलवासी जी ने सन्दूक में क्या रखा ?
(a) बिलवासी जी ने सन्दूक में ढाई सौ रुपये रखे
(b) सोने का हार रखा
(c) सोने के सिक्के रखे
(d) जरूरी चिट्ठियाँ रखीं

▼ Answer

Answer: (a) बिलवासी जी ने सन्दूक में ढाई सौ रुपये रखे।

---

Question 3.
बिलवासी जी ने हँसकर अंगड़ाई क्यों ली ? अपने अनुमान से बताइए ?
(a) पत्नी के रुपये वापस कर दिए
(b) झाऊलाल को चकमा दे दिया
(c) बिलवासी जी को नींद आ रही थी
(d) बिना कुछ खर्च किये झाऊलाल की मदद कर दी और रुपये भी पत्नी की संदूक में रख दिये

▼ Answer

Answer: (d) बिना कुछ खर्च किए झाऊलाल की मदद कर दी और रुपये भी पत्नी की संदूक में रख दिये।

---

Question 4.
बिलवासी जी चैन की नींद क्यों सोते रहे ?
(a) वे थके हुए थे
(b) बिलवासी जी अपने काम में बिना किसी बाधा के सफल हो गए थे
(c) पत्नी की डाँट खाने से बच गए
(d) वे कई दिन से सोए न थे

▼ Answer

Answer: (b) बिलवासी जी अपने काम में बिना किसी बाधा के सफल हो गए थे।

---

Question 5.
'दबे पाँव लौटना' मुहावरे का अर्थ है
(a) हारकर लौटना
(b) चुपचाप लौटना
(c) निराश होकर लौटना
(d) चोर की तरह लौटना

▼ Answer

Answer: (b) चुपचाप लौटना।

---